नाम.................................. अनुक्रमांक.......................

A/20,000

# अर्द्ध–वार्षिक परीक्षा, 2026

## सामान्य हिन्दी
## कक्षा–11

समय : 3 घण्टे 15 मिनट | | पूर्णांक : 100

निर्देश–(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

### खण्ड 'क'

1. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही–विकल्प का चयनकर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए–

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के सहयोगी लेखक नहीं हैं– 1

(i) राधाचरण गोस्वामी (iii) बालमुकुन्द गुप्त
(ii) बालकृष्ण भट्ट (iv) प्रतापनारायण मिश्र

(ख) हिन्दी की बोलियों में से राष्ट्र भाषा बनी– 1

(i) ब्रजभाषा (iii) खड़ी बोली
(ii) बुंदेली (iv) अवधी

(ग) पं. लल्लूलाल अध्यापक नियुक्त हुए– 1

(i) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (iii) फोर्ट विलियम कॉलेज
(ii) मेरठ कॉलेज (iv) लखनऊ विश्वविद्यालय

(घ) नासिकेतोपाख्यान के लेखक हैं– 1

(i) मुंशी सदासुखलाल (iii) लल्लूलाल
(ii) रामप्रसाद निरंजनी (iv) सदल मिश्र

2. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही–विकल्प का चयनकर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए–

(क) सूरसागर के रचनाकार हैं– 1

(i) तुलसीदास (iii) सूरदास
(ii) कबीरदास (iv) जायसी

(ख) अष्टछाप के कवि नहीं हैं– 1

(i) कुम्भनदास (iii) सूरदास
(ii) कृष्णदास (iv) तुलसीदास

(ग) 'नौकाविहार' कविता अवतरित है— 1

(i) गुंजन से (iii) पल्लव से
(ii) वीणा से (iv) युगान्त से

(घ) प्रेम पथिक के रचयिता हैं— 1

(i) जयशंकर प्रसाद (iii) महादेवी वर्मा
(ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (iv) सुमित्रानंदन पंत

3. सही–विकल्प का चयनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए—

(क) बिना बीमा के वाहन चलाने पर दण्ड का प्रावधान लिखिए— 1

(i) 100 रुपए का जुर्माना (iii) 300 रुपए का जुर्माना
(ii) 1000 रुपये का जुर्माना (iv) 2000 रुपये का जुर्माना

(ख) सड़क की रूपरेखा दिखाई देने के लिए जिन संकेतकों को चिह्नित किया जा सकता है, उन्हें कहा जाता है— 1

(i) रोडवे डेलिनेटर (आलेखक) (iii) रोडवे संकेतक
(ii) रोडवे रेखा (iv) रोडवे मार्किंग

4. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—$2 \times 5 = 10$

<u>हम नहीं समझते कि इनको लाज भी क्यों नहीं आती कि उस समय में जबकि इनके पुरखों के पास कोई भी</u> बैठकर बांस की नालियों से जो ताराग्रह आदि वेध करके उनकी गति लिखी है, वह ऐसी ठीक है कि सोलह लाख रुपये की लागत की विलायत में जो दूरबीन बनी हैं, उनसे उन ग्रहों को वेध करने में भी वही गति ठीक आती है।

(क) गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) भारतेन्दु जी ने प्रगति की दौड़ में भारतवासियों की असफलता का क्या कारण बताया है ?

(घ) प्राचीनकाल में भारतीयों साधनहीनता की स्थिति में भी किसकी खोज की ?

(ङ) लेखक को भारतीयों की किस बात पर आश्चर्य है ?

अथवा

सूर्यदेव की उदारता और न्यायशीलता तारीफ के लायक है। तरफदारी तो उसे छू तक नहीं गई—पक्षपात की
पर क्षण ही भर में उसने अपने नए किरण–कलाप को उसी पर्वत के शिखर पर नहीं, प्रत्युत सभी पर्वतों के
उसकी इस उदारता के कारण इस समय ऐसा मालूम हो रहा है, जैसे सभी भूधरों ने अपने शिखरों—अपने मस्तकों पर दुपहरिया के लाल–लाल फलों के मुकुट धारण कर लिये हों।

(क) गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) प्रस्तुत पंक्तियों में सूर्यदेव की उदारता के आधार पर किसके सन्दर्भ में और क्या कहा गया है ?

(घ) सूर्यदेव के स्वभाव के सम्बन्ध में लेखक ने क्या कहा है ?

(ङ) पर्वतों के शिखरों पर पड़ती सूर्य की प्रातः कालीन किरणों के सम्बन्ध में क्या कहा गया है ?

5. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—2×5= 10

कबीर हरि रस यों पिया, बाकी रही न थाकि।
पाका कलस कुम्हार का, बहुरि न चढ़ई चाकि॥

(क) पद्यांश की रचना एवं रचनाकार का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) प्रस्तुत साखी में कबीर ने किसका वर्णन किया है?

(घ) जीवात्मारूपी साक्षियों से कबीर क्या कह रहे हैं?

(ङ) प्रस्तुत साखी का भाव स्पष्ट कीजिए।

अथवा

मेरो मन अनत कहाँ सुख पावै।
जैसे उडि जहाज कौ पंछी, फिरि जहाज पर आवै॥
कमल–नैन को छाँडि महातम, और देव को ध्यावै।
परम गंग कौ छाँडि पिपासी, दुर्मति कूप खनावै॥
जिहिं मधुकर अंबुज–रस चाख्यो, क्यों करील–फल भावै।
सूरदास–प्रभु कामधेनु तजि, छेरी कौन दुहावै॥

(क) पद्यांश की रचना एवं रचनाकार का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) प्रस्तुत पद में जहाज और पक्षी के सन्दर्भ में कवि सूरदास क्या कह रहे हैं?

(घ) सूरदास जी किसकी महिमा का गान छोड़कर अन्य देवी–देवताओं की आराधना नहीं करना चाहते?

(ङ) प्रस्तुत पद में कामधेनु के सन्दर्भ में सूरदासजी ने क्या कहा है?

6. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक–परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए— (शब्द सीमा 80 शब्द) 3+ 2= 5

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी (iii) सरदार पूर्णसिंह

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक–परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 3+ 2= 5

(i) कबीरदास (ii) सूरदास (iii) तुलसीदास

7. 'आकाशदीप' अथवा 'बलिदान' कहानी की विशेषताएँ लिखिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

'बलिदान' कहानी का प्रमुख पात्र 'गिरधारी' का चरित्र–चित्रण लिखिए।

8. स्वपठित 'नाटक' के कथासार पर प्रकाश डालिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

स्वपठित 'नाटक' के 'नायक' का चरित्र–चित्रण लिखिए।

खण्ड–'ख'

9. (क) नीचे दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+ 5= 7

राष्ट्रभाषा–हिन्दी प्रचारे संलग्नं हिन्दी साहित्य सम्मेलनम् अत्र स्थितम्। अत्रैव च अनेक सहस्र संख्याः देश विदेश विद्यार्थिभिः परिवृतः विविधविद्या पारङ्गतः विद्वद्वरेण्यैः उपशोभितः च प्रयाग विश्वविद्यालयः भरद्वाजस्य प्राचीन–गुरुकुलस्य नवीनं रूपमिव शोभते। स्वतन्त्रेऽस्मिन् भारते प्रत्येकं नागरिकाणां न्यायप्राप्तेरधि घोषणामिव कुर्वन् उच्चन्यायालयः अस्य नगरस्य प्रतिष्ठां वर्द्धयति।

अथवा

भारतदेशस्य सुविस्तृतायाम् उत्तरस्यान्दिशि स्थितो गिरिः पर्वतराजो हिमालय इति नाम्नाभिधीयते जनैः। अस्य महोच्यानि शिखराणि जगतः सर्वानापि पर्वतान् जयन्ति, अतएव लोकाः एवं पर्वतराजं कथयन्ति। अस्योन्नतानि शिखराणि सदैव हिमैः आच्छादितानि तिष्ठन्ति।

(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी एक श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+ 5= 7

विश्वानिदेव सवितर्दुरितानि परासुव।
यद भद्रं तन्न आसुव॥

अथवा

अकीर्तिं विनयो हन्ति हन्त्यनर्थं पराक्रमः।
हन्ति नित्यं क्षमा क्रोधमाचारो हन्त्यलक्षणम्॥

10. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखते हुए उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए– 1+ 1= 2

(क) गड़े मुर्दे उखाड़ना

(ख) दूध की नदियाँ बहाना

(ग) छक्के छुड़ाना

(घ) चाँद पर थूकना

11. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि–विच्छेद के सही विकल्प का चयन कर लिखिए–

(i) 'श्रीशः' का सन्धि–विच्छेद है– 1

(अ) श्री + इशः (ब) श्रि + ईशः
(स) श्र + ईशः (द) श्री + ईशः

(ii) 'ओषधीतः' का सन्धि–विच्छेद है– 1

(अ) ओषधि + इति (ब) औषध + इति
(स) ओषधि + इति (द) ओषधि + अति

(iii) 'उपेन्द्रः' का सन्धि–विच्छेद है– 1

(अ) उपे + इन्द्रः (ब) उप + ईन्द्रः
(स) उप + इन्द्रः (द) उप + एन्द्रः

(ख) दिए गए शब्दों की विभक्ति और वचन के अनुसार सही उत्तर विकल्प का चयन कीजिए–

(i) 'नाम्ने' रूप है नामन् का– 1

(अ) द्वितीया बहुवचन (ब) चतुर्थी एकवचन
(स) षष्ठी द्विवचन (द) सप्तमी एकवचन

(ii) 'जगत्सु' रूप है जगत् का– 1

(अ) पंचमी, एकवचन (ब) षष्ठी, द्विवचन
(स) द्वितीया, बहुवचन (द) सप्तमी, बहुवचन

12. (क) निम्नलिखित शब्द–युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए–

(i) अलि–आली 1

(अ) भौंरा और सखी (ब) भौंरा और कली
(स) कली और भौंरा (द) सखी और भौंरा

(ii) सुत–सूत– 1

(अ) पिता और पुत्र (ब) पुत्र और सारथी
(स) धागा और सुरमा (द) सोता और डोरा

(ख) (i) 'अर्क' का सही अर्थ नहीं है– 1

(अ) फल का गूदा (ब) एक पौधा
(स) सूर्य (द) इनमें से सभी

(ii) 'मुद्रा' कहते हैं– 1

(अ) अंगूठी को (ब) रुपया को
(स) आकृति को (द) इन सभी को

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए–
(i) वन में लगने वाली आग– 1

(अ) वनाग्नि (ब) दावाग्नि (स) दावानल (द) आग्नेय

(ii) जो लोगों में प्रिय हो– 1

(अ) लोकप्रिय (ब) व्यक्तिप्रिय (स) सर्वप्रिय (द) लोकप्रिया

(घ) सही उत्तर विकल्प का चयनकर लिखिए–
(i) शुद्ध वाक्य है– 1

(अ) प्रिय प्रवास एक उच्चकोटि का काव्य है।
(ब) प्रिय प्रवास उच्चकोटि का एक काव्य है।
(स) प्रिय प्रवास एक उच्चकोटी का काव्य है।
(द) काव्य है प्रिय प्रवास उच्चकोटि का।

(ii) 'आपका स्वास्थ्य कैसा है?' में रेखांकित का शुद्ध रूप होगा– 1

(अ) स्वस्थ (ब) स्वास्थ (स) स्वास्थ्य (द) इनमें से कोई नहीं

13. (क) 'शान्त रस' अथवा 'श्रृंगार रस' के स्थायीभाव के साथ उसकी परिभाषा और उदाहरण लिखिए। 1+ 1
(ख) 'यमक' अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए। 1+ 1
(ग) 'सोरठा' अथवा 'हरिगीतिका' छन्द का मात्रा सहित लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए। 1+ 1

14. अपने गाँव में 'मनरेगा' योजना के अन्तर्गत हो रहे कार्य एवं मजदूरों की मजदूरी भुगतान में की जा रही अनियमितताओं के सम्बन्ध में एक शिकायती पत्र लिखिए। 2+ 4= 6

अथवा

किसी उद्योग के प्रबन्धक को लिपिक के पद पर अपनी नियुक्ति हेतु एक आवेदन–पत्र लिखिए।

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए– 2+ 7= 9

(क) साहित्य और समाज

(ख) जनसंचार के बढ़ते कदम

(ग) भ्रष्टाचार एक सामाजिक बुराई

(घ) धरती की रक्षा : पर्यावरण सुरक्षा

नाम.................................................. अनुक्रमांक......................

C/2,000

# अर्द्ध–वार्षिक परीक्षा, 2026

## हिन्दी
## कक्षा–12

समय : 3 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक : 100

निर्देश– (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## खण्ड 'क'

1. सही विकल्प का चयनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

(क) हिन्दी के प्रचारार्थ 'बनारस अखबार' का प्रकाशन किसने किया ?

(i) राजा शिवप्रसाद
(ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(iii) सदासुख लाल
(iv) बालकृष्ण भट्ट

(ख) ज्योतिरीश्वर की रचना 'वर्ण–रत्नाकर' की भाषा है– 1

(i) राजस्थानी गद्य
(ii) मैथिली गद्य
(iii) ब्रजभाषा गद्य
(iv) खड़ीबोली गद्य

(ग) इनमें से कौन द्विवेदी युग का लेखक नहीं है ? 1

(i) श्यामसुन्दर दास
(ii) बालमुकुन्द गुप्त
(iii) डॉ. नगेन्द्र
(iv) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

(घ) 'चन्द–छन्द वरनन की महिमा' के लेखक हैं– 1

(i) नाभादास (ii) गंगकवि (iii) दामोदर शर्मा (iv) गोकुल

(ङ) खड़ीबोली गद्य की प्रामाणिक रचनाएँ कब से प्राप्त होती हैं? 1

(i) 16वीं शताब्दी
(ii) 18वीं शताब्दी
(iii) 17वीं शताब्दी
(iv) 20वीं शताब्दी

2. सही विकल्प का चयनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

(क) एक भारतीय आत्मा किसे कहा जाता है? 1

(i) हरिवंशराय बच्चन
(ii) श्यामनारायण पाण्डेय
(iii) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(iv) माखनलाल चतुर्वेदी

(ख) भवानी प्रसाद मिश्र निम्नलिखित में से किस 'सप्तक' में संकलित हैं–

(i) तारसप्तक में
(ii) तीसरा सप्तक में
(iii) दूसरा सप्तक में
(iv) चौथा सप्तक में

(ग) महादेवी जी को 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार किस सन् में प्राप्त हुआ ?

(i) सन् 1976 ई. में
(ii) सन् 1980 ई. में
(iii) सन् 1983 ई. में
(iv) सन् 1985 ई. में

(घ) 'बीती विभावरी जागरी' कविता प्रसाद जी की किस कृति में संकलित है ?

(i) स्कन्दगुप्त में
(ii) लहर में
(iii) चन्द्रगुप्त में
(iv) आँसू में

(ङ) प्रगतिवादी युग के कवि हैं–

(i) जयशंकर प्रसाद
(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(iii) श्रीधर पाठक
(iv) सरदार पूर्णसिंह





3. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2 × 5 = 10

मातृभूमि पर निवास करने वाले मनुष्य राष्ट्र का दूसरा अंग हैं। पृथ्वी हो और मनुष्य न हो तो राष्ट्र की कल
स्वरूप सम्पादित होता है। जन के कारण ही पृथ्वी मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है। पृथ्वी माता है और जन सच्चे अर्थों में पृथ्वी का पुत्र है।

(क) गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) राष्ट्र का दूसरा अंग क्या है ?

(घ) राष्ट्र की कल्पना कब असम्भव है?

(ङ) गद्यांश की भाषा–शैली व्यक्त कीजिए।

अथवा

यह अनुभव कितना चमत्कारी है, कि यहाँ जो जितनी अधिक वृद्धा है, वह उतनी ही आर्थिक उत्फुल्ल–मु
लक्ष्यदर्शी जीवन की! सेवा–निरत जीवन की! अपने विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन की। भाषा के भेद रहे हैं,

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) लेखक के लिए कौन–सा अनुभव चमत्कारी है?

(घ) "यह किस दीपक की जोत हैं" इस वाक्य में क्या भाव निहित है?

(ङ) कौन–सी 'जोत' विश्व की सर्वोत्तम जोत है?

4. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2 × 5 = 10

मारग प्रेम को समुझै, 'हरिचन्द' पथारथ होत यथा है।
लाभ कछू न पुकारन में बदनाम ही होय की सारी कथा है॥
जानत है जिय मेरौ भली विधि और उपाय सबै बिरथा है।
बावरे हैं ब्रज के सिगरे मोहिं नाटक पूछत कौन बिधा है॥

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) प्रेम की सारी कथा क्या होने की है?

(घ) प्रेम से पुकारने में क्या लाभ है?

(ङ) ब्रज की सभी लोग क्या हो गए हैं?

अथवा

कृपा निधान सुजान सम्भु हिय की गति जानी।
दियौ सीस पर ठाम बाम करि कै मनमानी॥
सकुचति ऐंचति अंग गंग सुख संग लजानी।
जटा–जूट हिम कूट सघन वन सिमटि समानी॥

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) गंगा की समस्त धाराएँ कहाँ सिमट गई हैं?

(घ) गंगा के जल को शिव के जटाओं में क्या स्थान मिला है?



5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन–परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 3+ 2= 5

(i) डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल (ii) जैनेन्द्र कुमार (iii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन–परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 3+ 2= 5

(i) जगन्नाथदास 'रत्नाकार' (ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (iii) मैथिलीशरण गुप्त

6. 'बहादुर' अथवा 'लाटी' कहानी के प्रमुख पात्र का चरित्र–चित्रण लिखिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

'पंचलाइट' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

7. स्वपठित 'खण्डकाव्य' के नायक का चरित्र–चित्रण लिखिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

स्वपठित 'खण्डकाव्य' के देशकाल व वातावरण का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

## खण्ड–'ख'

8. (क) दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+ 5= 7

धन्योऽयं भारतदेशः यत्र समुल्लसति जनमानस पावनी, भव्य भावोद् भाविनी, शब्द–सन्दोह–प्रसविनी सुरभारती। विद्यमानेषु निखिलेष्वपि वाङ्मयेषु अस्याः वाङ्मयं सर्वश्रेष्ठं सुसम्पन्नं च वर्तते। इयमेव भाषा संस्कृतनाम्नापि लोकेप्रथिता अस्ति।

अथवा

यथैवोपकरणवतां जीवनं तथैव ते जीवनं स्यात्। अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन इति, सा मैत्रेयी उवाच–येनाहं नामृता स्यां किमहं तेन कुर्याम्? यदेव भगवान् केवलममृतत्वसाधनं जानाति, तदेव मे ब्रूहि। याज्ञवल्क्य उवाच–प्रिया नः सती त्वं प्रियं भाषसे, एहि, उपविश; व्याख्यास्यामि ते अमृतत्वसाधनम्।

(ख) दिए गए संस्कृत श्लोकों में से किसी एक श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+ 5= 7

प्रजानामेव भूत्यर्थं सताभ्यो बलिमग्रहीत।
सहस्र गुण मुत्स्रष्टु मादत्ते हि रसं रविः॥

अथवा

जलबिन्दु–निपातेन क्रमशः पूर्यते घटः।
स हेतुः सर्व विधानां धर्मस्य च धनस्य च॥

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए– 2+ 2= 4

(क) का भाषा अस्माभिः मातृसमं माननीया ?

(ख) कः सर्वज्ञः भवति ?

(ग) हंसपोतिका कस्य दुहिता आसीत् ?

(घ) वित्तेन कस्य आशा न अस्ति ?

10. (क) 'वीर रस' अथवा 'शान्त रस' की परिभाषा लिखिए और उसका एक उदाहरण भी लिखिए। 2

P.T.O.



(ख) 'अद्भुत' अथवा 'अनुप्रास' अलंकार की परिभाषा व उदाहरण दीजिए। 2

(ग) 'कुण्डलिया' अथवा 'चौपाई' छन्द का लक्षण लिखते हुए उसका उदाहरण लिखिए। 2

11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– 2+ 7= 9

(क) कोरोना : एक वैश्विक चुनौती

(ख) 'वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे'

(ग) पर्यावरण : प्रदूषण

(घ) बेटी बचाओ : बेटी पढ़ाओ

12. (क) (i) 'तच्चौरः' का सन्धि–विच्छेद है– 1

(अ) तच् + चौरः (ब) तत् + चौरः
(स) तः + चौरः (द) त + चौरः

(ii) 'सिद्धि' का सन्धि–विच्छेद होगा– 1

(अ) सिद् + धि (ब) सि + द्धि
(स) सिध् + धि (द) सिधि + धि

(iii) लभ् + धः की सन्धि होगी– 1

(अ) लब्धः (ब) लब्धः (स) लब्धः (द) लब्धः

(ख) (i) 'विद्याधनम्' में समास है– 1

(अ) द्विगु समास (ब) बहुव्रीहि समास
(स) द्वन्द्व समास (द) कर्मधारय समास

(ii) 'चराचरम्' में समास है– 1

(अ) कर्मधारय (ब) द्विगु (द्वन्द्व)
(स) अव्ययीभाव (द) बहुव्रीहि

13. (क) (i) 'धीमती' शब्द में प्रत्यय है– 1

(अ) मतुप् (ब) वतुप् (स) अनीयार् (द) त्व

(ii) 'दत्वा' शब्द में प्रत्यय है– 1

(अ) क्त्वतु (ब) तुमुन् (स) क्त्वा (द) शानच्

(ख) (i) 'प्रकृत्या साधुः।' रेखांकित में प्रयुक्त विभक्ति है– 1

(अ) द्वितीया (ब) चतुर्थी (स) तृतीया (द) पंचमी

(ii) 'सह, 'साधं' के योग में विभक्ति प्रयुक्त होती है– 1

(अ) तृतीया (ब) पंचमी (स) चतुर्थी (द) षष्ठी

14. बैंक में खाता खोलने के लिए बैंक प्रबन्धक को एक प्रार्थना–पत्र लिखिए। 8

अथवा

विद्यालय की वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने छोटे भाई को बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए।

□□□□